## मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## फरवरी-मार्च, 2023 सत्र में दिये गये आश्वासन

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग

दिनांक: 21/03/2023

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| **467** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.109 (प्रश्न क्रं.3484) दि. 21-03-2023 (श्री हर्ष यादव) | महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ कार्यालय से प्राप्त आवेदन अनुसार उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से संबंधित एक कर्मचारी के हुये स्थानान्तरण आदेश को निरस्त किये जाने के संबंध में कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही प्रचलित है। | | |
| **468** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.122 (प्रश्न क्रं.3516) दि. 21-03-2023 (श्री दिलीप सिंह परिहार) | प्रदेश में बागवानी खाद्य उत्पादों तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य में आवंटित लक्ष्य के विरूद्ध पूर्ति न होने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | अनुदान राशि के भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | | |
| **469** | अतारांकित प्रश्न सं.61 (प्रश्न क्रं.2429) दि. 21-03-2023 (श्री शरदेन्दु तिवारी) | एम.पी.एग्रो द्वारा अनियमितता के आरोप में निलंबित अधिकारी की जांच किये बिना बहाल कर महत्वपूर्ण पदस्थापना दिये जाने की प्राप्त शिकायत में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही की जावेगी। | | |

# मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## फरवरी-मार्च, 2023 सत्र में दिये गये आश्वासन

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

दिनांक: 21/03/2023

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| **470** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.4 (प्रश्न क्रं.401) दि. 21-03-2023 (श्री सज्जन सिंह वर्मा) | देवास जिला के अंतर्गत ग्रामों की कृषि भूमि को ग्राम नगर निवेश (लैंड पुलिंग स्कीम) में लिये जाने के विरोध के संबंध में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | | |
| **471** | अतारांकित प्रश्न सं.92 (प्रश्न क्रं.3039) दि. 21-03-2023 (श्री कुणाल चौधरी) | रतलाम जिला अंतर्गत 08 लेन के पास बनने वाले औद्योगिक क्षेत्र के लिए एम.पी.आई.डी.सी. को जमीन हस्तांतरित किये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | शीघ्र ही विकास कार्य हेतु टेण्डर इत्यादि प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। | | |

# मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## फरवरी-मार्च, 2023 सत्र में दिये गये आश्वासन

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

दिनांक: 21/03/2023

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **472** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.17 (प्रश्न क्रं.1110) दि. 21-03-2023 (श्री संजय शर्मा) | नरसिंहपुर जिले के विकासखण्ड चावरपाठा( चीचली एवं सांईखेड़ा में कृषि विभाग में विभिन्न संवर्गो के पद पर भर्ती किये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | | |
| **473** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.94 (प्रश्न क्रं.3423) दि. 21-03-2023 (श्रीमती कल्पना वर्मा) | प्रदेश में आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत किसानों की पसंद को दरकिनार करके कृषि विभाग द्वारा अनुपयोगी हल नामक यंत्र दिये जाने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर कार्यवाही की जाना। | विभागीय जांच संस्थापित करने की कार्यवाही प्रचलन में है। | | |
| **474** | अतारांकित प्रश्न सं.15 (प्रश्न क्रं.824) दि. 21-03-2023 (श्री रामपाल सिंह) | रायसेन जिले में विकासखण्ड स्तर पर नवीन निर्मित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में मिट्टी परीक्षण नहीं होने की प्राप्त शिकायती पत्रों के संबंध में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही वर्तमान में प्रक्रिया में है। | | |
| **475** | अतारांकित प्रश्न सं.80 (प्रश्न क्रं.2891) दि. 21-03-2023 (श्री ठाकुर सुरेन्द्र सिंह नवल सिंह (शेरा भैया)) | बुरहानपुर जिला अंतर्गत वर्ष 2020 से किसानों की फसल प्राकृतिक आपदा से नष्ट होने पर फसलों के बीमा क्लेम राशि प्रदाय किये जाने के संबंध में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | राशि का भुगतान प्रचलन में है। कार्य प्रचलन में है। | | |
| **476** | अतारांकित प्रश्न सं.81 (प्रश्न क्रं.2904) दि. 21-03-2023 (श्री बैजनाथ कुशवाह) | मण्डी सेवा समिति के कर्मचारियों का संविलियन राज्य मण्डी बोर्ड सेवा में किये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कर्मचारियों का राज्य मंडी बोर्ड सेवा में आमेलन शासन नियमानुसार किया जावेगा। | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| **477** | अतारांकित प्रश्न सं.116<br>(प्रश्न क्रं.3337)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल) | (1) सतना जिला अंतर्गत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आदर्श ग्राम में कृषि यंत्र योजना के तहत किसानों के मांग पत्र के विपरीत अधिकारियों द्वारा अनुपयोगी यंत्र जबरदस्ती दिये जाने की प्राप्त शिकायत में जांच की जाना।<br><br>(2) सतना जिला अंतर्गत उर्वरक वितरण में अनियमितता की प्राप्त शिकायत में जांच निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही की जाना। | (1) विभागीय जांच संस्थापित करने की कार्यवाही प्रचलन में है।<br><br>(2) विभागीय जांच हेतु आरोप पत्र जारी करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रकरण में विभागीय जांच के जांच प्रतिवेदन के निष्कर्ष, गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही की जा सकेगी। | | |
| **478** | अतारांकित प्रश्न सं.117<br>(प्रश्न क्रं.3338)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल) | सतना जिला अंतर्गत क्लाईमेट स्मार्ट विलेज परियोजना के अंतर्गत शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर कृषकों के नाम की अनुदान राशि का निजी व्यक्तियों को भुगतान किये जाने की प्राप्त शिकायतों में दोषी अधिकारियों के विरूद्ध जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | जांच के निर्देश जारी किये गये है। | | |
| **479** | ध्यानाकर्षण<br>(सूचना क्रं.816)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री संजय यादव) | जबलपुर जिला अंतर्गत शाहपुरा तहसील के कृषि उपज मंडी परिषद में अधिकारियों/कर्मचारियों के मौके पर नहीं होने की प्राप्त शिकायतों में जांच एवं बाहरी व्यापारियों द्वारा कृषि उपज मंडी में खरीदी किये जाने की जांच तथा जिन व्यापारियों का लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी अभी तक मंडी परिषद के गोदाम खाली नहीं किए जाने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | मैं आज ही कलेक्टर को निर्देशित करूँगा कि आप जब जाएंगे विधानसभा से तो आपके साथ भारसाधक अधिकारी है एसडीएम, मीटिंग करेंगे, निरीक्षण करेंगे। अगर कहीं कोई अनियमितता पाई जाएगी तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे और जो जो आपने प्रश्न उठाए हैं, उनकी मैं जांच करा लूंगा। | | |

**मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय**
**फरवरी-मार्च, 2023 सत्र में दिये गये आश्वासन**

खेल और युवा कल्याण विभाग

दिनांक: 21/03/2023

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| **480** | अतारांकित प्रश्न सं.144 (प्रश्न क्रं.3491) दि. 21-03-2023 (डॉ. अशोक मर्सकोले) | मंडला जिला अंतर्गत खेलो इंडिया खेल प्रतियोगिता हेतु प्रदाय आवंटन के विरूद्ध कार्यो में कितनी राशि व्यय किये जाने के संबंध में जांच की जाना । | भुगतान की कार्यवाही प्रचलन में है। | | |

## मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## फरवरी-मार्च, 2023 सत्र में दिये गये आश्वासन

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग | दिनांक: 21/03/2023

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| **481** | तारांकित प्रश्न सं.1 (प्रश्न क्रं.1735) दि. 21-03-2023 (श्रीमती राजश्री रूद्र प्रताप सिंह) | विदिशा जिला अंतर्गत आजीविका मिशन द्वारा स्व-सहायता समूहों को गणवेश निर्माण एवं अन्य कार्य में व्यय राशि की जांच एवं स्व-सहायता समूहों को जो पेंमेट आरटीजीएस/चेक से किये जाने के संबंध में जांच की जाना । | (1) मैं उसमें निश्चित कार्यवाही करवाउंगा।<br><br>(2) हॉं, निश्चित रूप से एक हफ्ते के अंदर यह पूरा हम आपको पूरी जानकारी के साथ पूरा करके दे देंगे। | | |
| **482** | तारांकित प्रश्न सं.2 (प्रश्न क्रं.3501) दि. 21-03-2023 (श्रीमती झूमा डॉ. ध्यानसिंह सोलंकी) | (1) भीकनगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद झिरन्या में शौचालय निर्माण का कार्य हितग्राहियों के द्वारा या ग्राम पंचायत के द्वारा नहीं कर बाहरी ठेकेदारों के द्वारा कराये जाने की प्राप्त शिकायतों में जांच एवं ऐसे काम जो अपूर्ण और गड्ढे नहीं खोदे गये बस ढांचा खडा किये जाने की प्राप्त शिकायतों में जांच की जाना ।<br><br>(2) शौचालय निर्माण कार्य नहीं होने और राशि निकाले जाने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | (1) निश्चित रूप से माननीय सदस्या का जो कथन है, उसको पूर्ण रूप से किया जाएगा और जैसा आप चाहती हैं वैसा ही होगा।<br><br>(2) निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी और सख्त कार्यवाही की जाएगी। | | |
| **483** | तारांकित प्रश्न सं.3 (प्रश्न क्रं.2763) दि. 21-03-2023 (सुश्री हिना लिखीराम कावरे) | प्रदेश में केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि का ग्राम पंचायतों/जनपदों एवं जिला पंचायतों को 10 दिवस में नहीं दिये जाने से बाजार भाव से ब्याज भरे जाने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | (1) यह आर्थिक दंड हमको ना उठाना पड़े इस पर हम निश्चित रूप से कार्यवाही करेंगे।<br><br>(2) 10 दिवस के अंदर राशि हस्तांतरण की बात है, इसमें निश्चित रूप से हम गंभीरता से विचार करेंगे। | | |
| **484** | तारांकित प्रश्न सं.6 (प्रश्न क्रं.644) दि. 21-03-2023 (डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ) | महेश्वर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ट्रायबल ग्राम देवगढ़ से रमठान सड़क निर्माण किये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना । | (1) ट्रायबल बेल्ट का विशेष ध्यान रखा जाए तो उस रोड़ के लिए हम पुन: विचार करके उसको जुड़वाने का प्रयास करेंगे।<br><br>(2) पूरी गंभीरता से हम इसको करेंगे।<br><br>(3) मैं माननीय सदस्या को आश्वस्त करता हूँ कि बारीकी से अध्ययन कराकर इस सोच के साथ कि हमें यह करना है। हम निश्चित रूप से मदद करेंगे। | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| **485** | तारांकित प्रश्न सं.9<br>(प्रश्न क्रं.3577)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री उमाकांत शर्मा) | विदिशा जिला अंतर्गत सिरोंज, लटेरी विकासखण्ड में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़के नहीं बनने की प्राप्त शिकायतों में दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | (1) आपकी सभी रोड़ें प्रगति पर हैं और अगर नहीं हैं तो आप मुझे बता दीजिए कि कौन सी रोड हैं उसका काम करा दिया जाएगा।<br><br>(2) आप बता दीजिए मैं उसे करा दूंगा।<br><br>(3) यदि माननीय सदस्य को लगता है कि कोई स्पेसिफिक सड़कें हैं तो आप मुझे दे दीजिए। मैं उसको दिखवा लूंगा।<br><br>(4) माननीय सदस्य मुझे लिखित रूप से दे दें हम उसको दिखवा लेंगे।<br><br>(5) मुझे पहले सूची दे दें। उसके बाद मैं जांच करवा लूंगा।<br><br>(6) बिल्कुल करवायेंगे।<br><br>(7) जल्दी करवा लेंगे।<br><br>(8) हम आपके नेतृत्व में ही जांच करवायेंगे। जांच करवायेंगे और सख्त कार्यवाही भी करेंगे।<br><br>(9) 6 माह का समय कर लें। | | |
| **486** | तारांकित प्रश्न सं.10<br>(प्रश्न क्रं.3536)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा) | सतना जिला अंतर्गत जनपद पंचायत सोहावल में प्रधानमंत्री आवास, रोड नाली इत्यादि समस्त निर्माण कार्यो में रोक हटाये जाने के संबंध में जांच निष्कर्ष के आधार पर कार्यवाही की जाना । | (1) हम जल्द से जल्द उसका सीमांकन करवाकर, उसे चिन्हित करवाकर, उसे अलग किया जायेगा। जिसके बाद वहां सभी शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जायेगा।<br><br>(2) मैंने कल कलेक्टर को बोला है और जल्दी से जल्दी जैसे ही उसका सीमांकन होगा, जो सुविधाएं होती है वह करा देंगे। | | |
| **487** | तारांकित प्रश्न सं.13<br>(प्रश्न क्रं.3054)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री अजब सिंह कुशवाह[श्री कमलेश जाटव , ]) | आयुक्त मध्यप्रदेश रोजगार गारंटी परिषद भोपाल द्वारा परियोजना अधिकारी के रिक्त पद के विरूद्ध अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना । | निश्चित रूप से हम उपलब्ध भी करवाएंगे और उसका परीक्षण भी करवा लेंगे। आप निश्चित रहियेगा। | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| **488** | तारांकित प्रश्न सं.16<br>(प्रश्न क्रं.209)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री प्रागीलाल जाटव) | जनपद पंचायत करैरा में सचिव श्री ज्ञानी प्रसाद शर्मा को शासकीय भूमि का पट्टा दिये जाने की प्राप्त शिकायतों में सक्षम अधिकारी एवं शासकीय कर्मचारी के विरूद्ध जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | विस्तृत जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। | | |
| **489** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.9<br>(प्रश्न क्रं.805)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री रामपाल सिंह) | रायसेन जिला अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा नेट प्रजेक्ट वैल्यू के भुगतान हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के समान बजटरी प्रोविजन निर्देशों का पालन नहीं होने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | कार्यवाही प्रचलित है। | | |
| **490** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.27<br>(प्रश्न क्रं.1761)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री नीरज विनोद दीक्षित) | छतरपुर जिला अंतर्गत जनपद पंचायत नौगांव के सेवानिवृत्त पंचायत समन्वयक अधिकारी पी.पी.ओ. आदेश की कॉपी एवं पूर्व एरियर भुगतान राशि के भुगतान किये जाने के संबंध में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | | |
| **491** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.30<br>(प्रश्न क्रं.1881)<br>दि. 21-03-2023<br>(डॉ. गोविन्द सिंह) | भिण्ड जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत असवार, मड़ोरी, मेहराबुजुर्ग, बरेई एवं बड़ोखरी में अमृत सरोवर खेत तालाब तथा नाले बंधान निर्माण में फर्जी तरीके से लाखों रूपये गबन किये जाने की प्राप्त शिकायतों में दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | प्रकरण में वसूली निर्धारित की है एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही प्रचलन में है। | | |
| **492** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.60<br>(प्रश्न क्रं.2832)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री सचिन सुभाषचन्द्र यादव) | खरगोन जिला अंतर्गत विधान सभा क्षेत्र कसरावद में निर्माण कार्य जिनकी पूर्णता कार्यावधि समाप्त होने के बाद भी अपूर्ण होने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | अतिक्रमण हटवाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण हटाये जाने के बाद पूर्ण कराया जा सकेगा। | | |
| **493** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.61<br>(प्रश्न क्रं.2888)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री ठाकुर सुरेन्द्र सिंह नवल सिंह (शेरा भैया)) | बुरहानपुर जिला अंतर्गत ग्रामवार बनाई गई सड़को के मरम्मत कार्य के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना । | प्रक्रिया प्रचलन में है। | | |
| **494** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.65<br>(प्रश्न क्रं.2963)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री कमलेश जाटव) | मुरैना जिले अंतर्गत पोरसा से रायपुर वाया खेरली मार्ग में निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं किये गये भुगतानों में अनियमितता किये जाने की प्राप्त शिकायतों में दोषी कार्य एजेंसी एवं अधिकारी के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही एवं जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | जांच उपरांत पाये गये तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की जा सकेगी। | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| **495** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.91 (प्रश्न क्र.3375) दि. 21-03-2023 (कुँवर विक्रम सिंह (नातीराजा)) | प्रदेश में रोजगार सहायक/पंचायत सचिवों के रिक्त पदों में भर्ती किये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | | |
| **496** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.98 (प्रश्न क्र.3438) दि. 21-03-2023 (डॉ. सतीश सिकरवार) | (1) मुरैना जिला अंतर्गत सुमावली विधान सभा क्षेत्र में अम्बाह रोड से गंजरामपुर, पलपुरा मृगपुरा से दुर्ग सिंहपुरा रिठौरा तक मार्ग जर्जर हालत एवं अधूरा पड़ा होने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना।<br><br>(2) पुराना गांव मृगपुरा में हाई स्कूल के पास बड़े-बड़े गड्ढे एवं मृगपुरा गांव से ए.बी. रोड तक मार्ग पूर्ण निर्मित कराये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | (1) कार्य दिनांक 10.05.2023 तक पूर्ण करा लिया जावेगा।<br><br>(2) शेष कार्य ठेकेदार को दिये गये समय दिनांक 10.05.2023 तक पूर्ण करवा लिया जायेगा। | | |
| **497** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.102 (प्रश्न क्र.3461) दि. 21-03-2023 (श्री नारायण सिंह पट्टा) | (1) जनपद पंचायत मवई अंतर्गत ग्राम पंचायत मवई के वर्तमान सरपंच द्वारा शासकीय कर्मचारी के साथ मारपीट एवं गाली-गलौच की प्राप्त शिकायतों में दोषी के विरूद्ध जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना।<br><br>(2) ग्राम पंचायत मइफा के सरपंच व प्रभारी सचिव द्वारा शासकीय राशि के दुरूपयोग एवं बिना कार्य किये केवल बिल लगाकर राशि आहरण किये जाने की शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही की जाना। | (1) प्रकरण में कार्यवाही प्रचलित है।<br><br>(2) उत्तर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। | | |
| **498** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.115 (प्रश्न क्र.3497) दि. 21-03-2023 (श्री राज्यवर्धन सिंह) | राजगढ़ जिला अंतर्गत जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ के ग्राम पंचायत कांसरोद में विकास यात्रा 2023 के दौरान ग्राम पंचायत के क्रियाकलापों के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों के संबंध में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ के पत्र क्र. 548 दिनांक 22.02.2023 के द्वारा 03 सदस्यीय संयुक्त जांच दल से करायी जा रही है। | | |
| **499** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.148 (प्रश्न क्र.3610) दि. 21-03-2023 (श्री सुखदेव पांसे) | देवास जिले अंतर्गत पंचायतों में वर्ष 2015 से प्रश्न दिनांक तक भवनों के मरम्मत कार्य में नियम विरूद्ध कार्य कराये जाने की प्राप्त शिकायतों में दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | परीक्षण कराया जा रहा है। नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| **500** | अतारांकित प्रश्न सं.6 (प्रश्न क्रं.723) दि. 21-03-2023 (श्री पुरुषोत्तम लाल तंतुवाय) | दमोह जिला अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत मार्गो की स्वीकृति प्रदाय की जाकर प्रारंभ कराये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | यथोचित कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। | | |
| **501** | अतारांकित प्रश्न सं.29 (प्रश्न क्रं.1533) दि. 21-03-2023 (श्री विजयराघवेन्द्र सिंह) | कटनी जिला अंतर्गत कार्यरत् पंचायत सचिवों के विरूद्ध विभागीय जांच में प्राप्त प्रतिवेदनों के निराकरण के संबंध में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही प्रचलन में है। | | |
| **502** | अतारांकित प्रश्न सं.42 (प्रश्न क्रं.1832) दि. 21-03-2023 (श्री मुकेश रावत (पटेल)) | कार्यालय प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ज्ञाप क्रमांक 3906, 3908/22/वि-13 ग्रा.या.से./प्रशा./2019, दिनांक 05.06.2019 से संबंधित नस्ती के संबंध में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | | |
| **503** | अतारांकित प्रश्न सं.43 (प्रश्न क्रं.1834) दि. 21-03-2023 (श्री मुकेश रावत (पटेल)) | शासकीय राशि गबन करने वाले कर्मचारियों या पंचायत सचिवों पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति किए जाने के संबंध में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्यवाही की जावेगी। | | |
| **504** | अतारांकित प्रश्न सं.102 (प्रश्न क्रं.3184) दि. 21-03-2023 (श्री राम दांगोरे) | प्रदेश के पंचायत सचिवों को 7वां वेतनमान का लाभ दिये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | | |
| **505** | अतारांकित प्रश्न सं.120 (प्रश्न क्रं.3379) दि. 21-03-2023 (कुँवर विक्रम सिंह (नातीराजा)) | पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों के रिक्त पदों पर भर्ती किये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | | |
| **506** | अतारांकित प्रश्न सं.134 (प्रश्न क्रं.3455) दि. 21-03-2023 (श्री सुनील उईके) | छिंदवाड़ा जिला अंतर्गत पंचायत एवं जनपद पंचायतों में स्थाई समितियों में विधायकों एवं विषय विशेषज्ञों के मनोनयन के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | जी हॉ। कार्यवाही प्रचलित है। | | |
| **507** | अतारांकित प्रश्न सं.156 (प्रश्न क्रं.3525) दि. 21-03-2023 (श्री दिनेश राय मुनमुन) | सिवनी जिला अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 के शासन स्तर/निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद पंचायतों को निर्वाचन कार्य के अनेक देयक/बिलों के लंबित भुगतान के सं ंबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | यथाशीघ्र संबंधित मद से भुगतान किया जायेगा। | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| **508** | अतारांकित प्रश्न सं.178<br>(प्रश्न क्रं.3585)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री कांतिलाल भूरिया) | झाबुआ जिला अंतर्गत पहाड़ी वाली नाकी निस्तार तालाब भूतबयड़ा जनपद पंचायत रानापुर में फर्जी जॉब कार्ड बनाकर मस्टर रोल में फज्ीर नाम लिखे जाने की प्राप्त शिकायतों में दोषी पाये गये अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | कार्यवाही की प्रक्रिया प्रचलन में है। | | |

**मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय**
**फरवरी-मार्च, 2023 सत्र में दिये गये आश्वासन**

पशुपालन विभाग

दिनांक: 21/03/2023

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| **509** | ध्यानाकर्षण (सूचना क्रं.123) दि. 21-03-2023 (श्री यशपाल सिंह सिसौदिया) | प्रदेश में लगातार छोटे बच्चों एवं आम नागरिकों को कुत्तों के काटने की घटनाओं में लोगो की सुरक्षा और पशुओं के बीच संतुलन बनाए जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | (1) आवारा पशु, खासतौर से स्वान की आबादी को कंट्रोल करने की दिशा में जनसहयोग से और एनजीओ के माध्यम से कार्य करेंगे और दूसरा, जो पेट एनिमल्स हैं, उनके संबंध में कानून में इस तरह के प्रावधान करेंगे कि कानून के माध्यम से नियंत्रण हो सके, तो ये दो प्रयास हैं, जिनके माध्यम से माननीय सदस्य की जो चिंता है, उसका निराकरण करने का प्रयास करेंगे।<br><br>(2) यशपाल सिंह जी ने इसक बारे में जो कहा है, यदि आपको ऐसा लगता है कि हमारे पास यह चीजें हो सकती हैं तो एक प्रस्ताव बनाकर दीजिए, उसको शामिल करिए और फिर उस पर विचार कीजिए।<br><br>(3) आपके आदेश का पालन होगा। | | |

## मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## फरवरी-मार्च, 2023 सत्र में दिये गये आश्वासन

लोक निर्माण विभाग

दिनांक: 21/03/2023

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| **510** | ध्यानाकर्षण (सूचना क्रं.276) दि. 21-03-2023 (डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय) | रतलाम जिलान्तर्गत जावरा नगर मध्य स्थित रेल्वे फाटक पर प्लाई ब्रिज बनाये जाने की प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत भी कार्य विलंबित होने से प्रतिदिन कई बार दुखद एवं पीड़ादायक घटनाओं होने की प्राप्त शिकायतों में शीघ्र ही कार्य पूर्ण कराये जाने की कार्यवाही की जाना। | (1) वियरिंग कोट एवं क्रश बेरियर का कार्य प्रगति पर है।<br>(2) शेष कार्य को रेल्वे विभाग द्वारा जून 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। | | |

## मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## फरवरी-मार्च, 2023 सत्र में दिये गये आश्वासन

स्कूल शिक्षा विभाग दिनांक: 21/03/2023

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| **511** | तारांकित प्रश्न सं.4 (प्रश्न क्रं.3421) दि. 21-03-2023 (श्रीमती कल्पना वर्मा) | प्रदेश में वर्ष 2019 में 16 शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति बिना सूचना और नोटिस के हटाये जाने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र की जाना। | केवल एक के पेंशन निर्धारण करने में देरी की गई थी उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। | | |
| **512** | तारांकित प्रश्न सं.12 (प्रश्न क्रं.1749) दि. 21-03-2023 (श्री प्रह्लाद लोधी) | पन्ना जिला अंतर्गत पवई विधान सभा क्षेत्र में प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेंकेण्डरी स्कूलों में फर्नीचर, भवन, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तथा विद्यालयों में स्टॉफ की पूर्ति किये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | हम उनका परीक्षण करा रहे हैं। आपने जो सूची दी है, वहां पर फर्नीचर पहुंचा या नहीं पहुंचा एक बार दिखाकर के, नहीं तो इस बार फर्नीचर देने का काम करेंगे। एक जगह इन्होंने भवन के लिये कहा है। उस भवन के बारे में भी हम परीक्षण कराकर उसको करेंगे। | | |
| **513** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.47 (प्रश्न क्रं.2515) दि. 21-03-2023 (श्री संजय शाह (मकड़ाई)) | हरदा जिले अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही प्रचलित है। | | |
| **514** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.53 (प्रश्न क्रं.2758) दि. 21-03-2023 (श्री मेवाराम जाटव) | आदिम जाति कल्याण विभगा में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को क्रमोन्नति का लाभ दिये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | प्रस्ताव विचाराधीन है। | | |
| **515** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.55 (प्रश्न क्रं.2765) दि. 21-03-2023 (सुश्री हिना लिखीराम कावरे) | प्रदेश में विभिन्न जिलों में शैक्षिक सत्र 2022-23 में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को सायकिल तथा गणवेश वितरण में देरी होने की प्राप्त शिकायतों में शीघ्र कार्यवाही की जाना। | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| **516** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.83<br>(प्रश्न क्रं.3251)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री आरिफ मसूद) | भोपाल स्थित शासकीय नवीन/उ.मा.वि. अरेरा कॉलोनी की रिक्त भूमि पर हाई राईज बिल्डिंग/बहुमंजिला भवन बनाये जाने की कार्य योजना के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना । | प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन है। | | |
| **517** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.100<br>(प्रश्न क्रं.3453)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री सुनील उईके) | प्रदेश में राष्ट्रपति/राज्यपाल पुरस्कार से वंचित रह गये श्रेणी शिक्षकों को पुरस्कृत एवं पारी बाहर पदोन्नति दिये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना । | कार्यवाही प्रचलन में है। | | |
| **518** | परिवर्तित अतारांकित प्रश्न सं.132<br>(प्रश्न क्रं.3546)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री निलय विनोद डागा) | (1) स्कूल शिक्षा विभाग में उच्चतर पद पर पद प्रभार देने संबंधी संशोधन में शीघ्र कार्यवाही की जाना ।<br><br>(2) शिक्षक संवर्ग के लिए पदस्थापना की प्रक्रिया के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना ।<br><br>(3) उच्चतम पद के प्रभार हेतु जिन कर्मचारियों के नाम छूट जायेंगे अथवा जिन कर्मचारी द्वारा उच्चतम पद का त्याग किया जायेगा उन्हें अगला प्रावधान दिये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना । | (1) कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।<br><br>(2) प्रस्ताव विचाराधीन हे।<br><br>(3) नियमों में किये गये प्रावधानानुसार कार्यवाही की जायेगी। | | |
| **520** | अतारांकित प्रश्न सं.88<br>(प्रश्न क्रं.2946)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री रवि रमेशचन्द्र जोशी) | खरगोन जिला अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग से वित्तीय अनियमितता के दोषी अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना । | वर्तमान में जांच प्रक्रिया प्रचलन में है। | | |
| **521** | अतारांकित प्रश्न सं.96<br>(प्रश्न क्रं.3058)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री अजब सिंह कुशवाह) | मुरैना जिला अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत व्यय राशि का विवरण दिये जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाना । | कार्यवाही प्रचलन में है। | | |
| **522** | अतारांकित प्रश्न सं.119<br>(प्रश्न क्रं.3377)<br>दि. 21-03-2023<br>(कुँवर विक्रम सिंह (नातीराजा)) | (1) छतरपुर जिला अंतर्गत विकासखण्ड ईशानगर में लंबित शिकायतों का समाधान 10 माह बीत जाने के बाद आज दिनांक तक लंबित रहने की जांच की जाना ।<br><br>(2) विकासखण्ड अधिकारी ईशानगर के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही के संबंध में प्राप्त शिकायतों मे शीघ्र कार्यवाही की जाना । | (1) निराकरण की कार्यवाही प्रचलन में है।<br><br>(2) विभागीय कार्यवाही प्रचलन में है। | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| **523** | अतारांकित प्रश्न सं.125<br>(प्रश्न क्रं.3418)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्रीमती कल्पना वर्मा) | सतना जिला अंतर्गत प्राथमिक/माध्यमिक शालाओं में बाउण्ड्रीवाल, वेटिंग-रूम, कॉन्फ्रेंसिंग रूम, शिक्षक आवास गृह निर्माण प्राथमिक/माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष, भवन निर्माण नलजल हैण्डपंप खनन मरम्मत, रेनोवेशन कार्य में अनियमितता की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाना। | जांच समिति गठित की गई है। कार्यवाही की जा रही है। | | |
| **524** | अतारांकित प्रश्न सं.132<br>(प्रश्न क्रं.3449)<br>दि. 21-03-2023<br>(श्री नारायण त्रिपाठी) | सतना जिला अंतर्गत 10 लोक सेवकों के पदोनति प्रकरण में शासन के आदेशों एवं माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय एवं निर्देशों की अवमानना की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर शीघ्र कार्यवाही की जाना। | परीक्षण उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। | | |

# मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय
## फरवरी-मार्च, 2023 सत्र में दिये गये आश्वासन

सहकारिता विभाग

दिनांक: 21/03/2023

| आश्वासन क्रमांक | प्रश्न संख्या/प्रश्न क्रमांक दिनांक / सदस्य का नाम | आश्वासन का संक्षिप्त विषय | आश्वासन का रूप | शासन द्वारा की गई कार्यवाही | आश्वासन की पूर्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| **525** | ध्यानाकर्षण (सूचना क्रं.284) दि. 21-03-2023 (श्री के.पी. सिंह कक्काजू) | शिवपुरी जिले के सहकारी केन्द्रीय बैंक में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते बैंक खाता धारकों की वांछित जमा राशि कई माह बीतने के उपरांत भी लौटाई नहीं जाने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही की जाना। | (1) कार्यवाही जारी है।<br><br>(2) प्रकरण प्रचलन में है।<br><br>(3) जो खातेदार राशि मांगेंगे उनकी हम 100 प्रतिशत व्यवस्था करेंगे।<br><br>(4) इस विषय में हम शीघ्र ही चर्चा करके किसी भी किसान को किसी प्रकार की दिक्कत न हो उसकी व्यवस्था को हम जमाएंगे।<br><br>(5) हम अपेक्स से करीब 50 करोड़ रूपये लेकर और इधर दे सकते हैं।<br><br>(6) उच्च अधिकारियों से चर्चा करके जो विधि सम्मत होगा, उस पर हण्ड्रेड परसेेंट विचार करेंगे। | | |
| **526** | ध्यानाकर्षण (सूचना क्रं.334) दि. 21-03-2023 (श्री आलोक चतुर्वेदी) | (1) छतरपुर जिला अंतर्गत सहकारी समितियों के सहायक प्रबंधकों की भर्ती प्रक्रिया में ऐसे लोगों को पात्र बना दिया गया, जिनके ऊपर भ्रष्टाचार धोखाधड़ी, शासन स दंडित, वित्तीय अनियमितताओं के आरोप की प्राप्त शिकायतों की जांच।<br><br>(2) जिला सहकारी बैंक छतरपुर में सहकारी समितियों के पदाधिकारी प्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारी की सांठगांठ स निपयमों में धज्जियां उड़ाकर पात्र को अपात्र एवं अपात्र को पात्र करने की प्राप्त शिकायतों में जांच निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरूद्ध शीघ्र कार्यवाही की जाना। | (1) जो आपने बताया कि अपात्रों को पात्र बनाया गया उनकी सूची मंत्री जी को दीजिए वह उसकी जांच करवाव लेंगे।<br><br>(2) आप पहले कागज दीजिये, यदि कोई भी दोषी होगा, आप निश्चित रहें। | | |